भारतीय मानक ब्यूरो
(हिंदी विभाग)

संदर्भ: हिंदी/कार्यान्वयन/2023 दिनांक: 05.10.2023

**विषय : राजभाषा हिंदी की गतिविधियों की जानकारी बीआईएस सोशल मीडिया पर देना**

बीआईएस के विभिन्न कार्यालयों द्वारा समय समय पर हिंदी कार्यशालाएं/सेमीनार, हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम इत्यादि आयोजित किए जाते है। कार्यालयों द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस प्रकार के कार्यक्रमों की सूचना और जानकारी राजभाषा हिंदी के प्रसार को बढ़ावा देने तथा हिंदी के प्रगामी प्रयोग के लिए किए जाने वाले कार्यों की जानकारी की दृष्टि से बीआईएस के विभिन्न सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, इस्टाग्राम इत्यादि पर दी जानी अपेक्षित है।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए बीआईएस के सभी कार्यालयों से अनुरोध है कि अपने कार्यालय में आयोजित किए जाने वाले राजभाषा के कार्यक्रमों तथा हिंदी भाषा के माध्यम से किए जाने वाले अन्य कार्यक्रमों की जानकारी सोशल मीडिया पर अपलोड करने के लिए हिंदी विभाग अथवा मुख्यालय के पीआर विभाग को अवश्य भेजें।

उपर्युक्त के कार्यान्वयन के लिए सभी कार्यालयों का सहयोग अपेक्षित है।

(विनोद कालरा)
प्रमुख (हिंदी)

बीआईएस के सभी क्षेत्रीय, शाखा कार्यालयों, एनआईटीएस और प्रयोगशालाओं को परिचालित।